अनुक्रमांक : ______________ नाम : ________________

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16

**932** **825 (CB)**

# 2022
# सामाजिक विज्ञान

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

## सामान्य निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं- बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं।

(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड क
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

1. निम्नलिखित में से यह किसका कथन है ”जब फ्रांस छींकता है, तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है” ? **1**

(क) काबूर

(ख) बिस्मार्क

(ग) मेत्सिनी

(घ) मैटरनिख

2. सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरुआत किस महत्वपूर्ण घटना के साथ की गयी ? **1**

(क) रॉलट एक्ट की घोषणा

(ख) नमक कानून तोड़कर

(ग) साइमन कमीशन का आगमन

(घ) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड

3. भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है ? **1**

(क) उर्दू

(ख) अंग्रेजी

(ग) हिन्दी

(घ) पंजाबी

4. काले दस्ताने और बंधी मुट्ठियाँ किसकी प्रतीक थीं ? **1**

(क) विद्रोह की

(ख) शांति की

(ग) अश्वेत शक्ति की

(घ) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से किस एक देश को छोड़कर हर जगह तानाशाहों पर लोकतंत्र को प्राथमिकता दी जाती है ? **1**

(क) भारत

(ख) पाकिस्तान

(ग) नेपाल

(घ) श्रीलंका

6. लोकतान्त्रिक व्यवस्था के राजनीतिक और सामाजिक असमानताओं के बारे में किए गये अध्ययन बताते हैं कि **1**

(क) लोकतंत्र और विकास साथ-साथ चलते हैं

(ख) लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में असमानताएँ बनी रहती हैं

(ग) तानाशाही में असमानताएँ नहीं होती हैं

(घ) तानाशाही लोकतंत्र से बेहतर है

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. पूर्ण स्वराज का उद्घोष कब और किसके द्वारा किया गया ? **1+1**

8. गृह युद्ध से क्या तात्पर्य है ? **1+1**

9. साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते हैं ? **1+1**

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों जरूरी है ? कोई एक तर्क दीजिए । **$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$**

**अथवा / OR**

गठबन्धन सरकार से आप क्या समझते हैं ? **3**

11. लोकतंत्रीय देशों में सामाजिक विभाजन का क्या प्रभाव पड़ता है ? **3**

**अथवा / OR**

भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति क्या है ? **3**

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)**

12. किन्हीं दो देशों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बताएँ कि उन्नीसवीं सदी में राष्ट्र किस प्रकार विकसित हुए। **6**

**अथवा / OR**

सविनय अवज्ञा आन्दोलन की सीमाओं पर एक टिप्पणी लिखिए । **6**

13. लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है ? **6**

**अथवा / OR**

एक अच्छे लोकतंत्र की परिभाषा दीजिए। इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **2+4**

**(मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न)**

**14.** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में • चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही स्थान अंकन के लिए अंक निर्धारित हैं।

(i) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ चौरी-चौरा काण्ड हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

(i) दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

(ii) चौरी-चौरा काण्ड कहाँ हुआ था ? **1**

(iii) महात्मा गाँधी ने नमक कानून कहाँ तोड़ा था ? **1**

(iv) 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

(v) 1929 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

## खण्ड ख
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

15. चाय की खेती के लिए कौन-सी मिट्टी उपयुक्त है ? **1**

(क) लाल मिट्टी
(ख) जलोढ़ मिट्टी
(ग) पर्वतीय मिट्टी
(घ) लेटेराइट मिट्टी

16. निम्नलिखित में से किस राज्य में सीढ़ीदार खेती की जाती है ? **1**

(क) पंजाब
(ख) हरियाणा
(ग) उत्तर प्रदेश
(घ) उत्तराखण्ड

17. पश्चिमी रेलवे का मुख्यालय स्थित है : **1**

(क) दिल्ली में
(ख) कोलकाता में
(ग) मुम्बई में
(घ) अमृतसर में

18. निम्नलिखित में से कौन-सा विकसित देश है ? **1**

(क) ब्राजील
(ख) भारत
(ग) फ्रांस
(घ) बांग्लादेश

19. भारत में जीविका का प्रमुख स्रोत है : **1**

(क) उद्योग

(ख) कृषि

(ग) व्यवसाय

(घ) इनमें से कोई नहीं

20. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब की गई ? **1**

(क) 1935 में

(ख) 1945 में

(ग) 1955 में

(घ) 1965 में

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. सकल घरेलू उत्पाद क्या है ? **2**

22. भारतीय रिजर्व बैंक के कोई दो कार्य लिखिए । **2**

23. किन्हीं दो अधात्विक खनिजों के नाम लिखिए । **1+1**

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. एक पेय फसल का नाम लिखिए और उसके उत्पादन पर प्रकाश डालिए । **1+2**

**अथवा / OR**

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में उद्योगों के किन्हीं तीन योगदानों की विवेचना कीजिए । **1+1+1**

25. भारतीय मिट्टियों का वर्गीकरण विस्तार से कीजिए । **3**

**अथवा / OR**

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (2005) पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **3**

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभावों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए । **6**

**अथवा / OR**

भारत में पायी जाने वाली मुख्य फसलों पर एक लेख लिखिए । **6**

27. असंगठित कार्य क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ? इसकी किन्हीं तीन समस्याओं को लिखिए । **3+3**

**अथवा / OR**

राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में क्या अन्तर होता है ? विवेचना कीजिए । **6**

## (मानचित्र कार्य)

**28.** दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

(i) अरावली पर्वत ×× चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) ताप्ती नदी $\mathcal{Y}$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) सीमेण्ट उद्योग का एक केन्द्र $\odot$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) अभ्रक उत्पादन का एक क्षेत्र $\triangle$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) बंगलुरु $\square$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

(i) कागज़ उद्योग के एक केन्द्र का नाम लिखिए । **1**

(ii) पंजाब की राजधानी का नाम लिखिए । **1**

(iii) महानदी किस सागर में गिरती है ? **1**

(iv) कांदला बन्दरगाह किस राज्य में स्थित है ? **1**

(v) एक लौह-इस्पात उद्योग के केन्द्र का नाम लिखिए । **1**

## General Instructions

**(English Version)**

(i) First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

(ii) This question paper is divided into two Parts A & B. Attempt all the questions of each part together at one place. Each part should be attempted on a new page.

(iii) Marks allotted for each question are mentioned against it.

(iv) This question paper contains four types of questions Multiple-choice type, Very Short Answer type, Short Answer type and Long Answer type. Instructions have been given at the beginning of each type of question.

(v) Attach firmly the supplied maps for Parts A & B to your answer-book.

(vi) For vision-impaired examinees Question No. 14 in Part-A and Question No. 28 in Part-B have been given separately for writing answers in lieu of map work.

## PART-A
## (Multiple Choice Type Questions)

**Instruction:** Choose the correct answer from the given alternatives and write in your answer-book:

1. Who said, ”When France sneezes, the rest of Europe catches cold” ? **1**

   (a) Cavour

   (b) Bismarck

   (c) Mazzini

   (d) Metternich

2. With which important event was the Civil Disobedience Movement started ? **1**

   (a) Announcement of Rowlatt Act

   (b) Breaking of Salt law

   (c) Arrival of Simon Commission

   (d) Jallianwala Bagh Massacre

3. Which is the most spoken language in India ? **1**

   (a) Urdu

   (b) English

   (c) Hindi

   (d) Punjabi

4. The black gloves and clenched fists were the symbol of **1**

   (a) revolt

   (b) peace

   (c) black power

   (d) none of these

5. Democracy is preferred over dictatorship everywhere except which one of the following countries ? **1**

(a) India

(b) Pakistan

(c) Nepal

(d) Sri Lanka

6. Studies on the political and social inequalities of a democratic system show that **1**

(a) Democracy and development go together

(b) Inequalities exist in Democratic systems

(c) Inequalities do not exist under dictatorship

(d) Dictatorship is better than democracy

## (Very Short Answer Type Questions)

7. When and by whom was Purna Swaraj proclaimed ? **1+1**

8. What does civil war mean ? **1+1**

9. What do you mean by Communalism ? **1+1**

## (Short Answer Type Questions)

10. Why is power sharing necessary in democracy ? Give any one argument. $\mathbf{1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}}$

*OR*

What do you understand by Coalition government ? **3**

11. What are the effects of social division in democratic countries ? **3**

*OR*

What is the status of representation of women in the legislatures of India ? **3**

## (Long Answer Type Questions)

12. Throwing a focus on any two countries, explain how nations developed over the nineteenth century ? **6**

*OR*

Write a note on the limitations of Civil Disobedience movement. **6**

13. How does a democracy constitute an accountable, responsible and legitimate government ? **6**

*OR*

Define a good democracy. State its main features. **2+4**

## (Map Work)

**14.** In the given outline map of India locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and location marks have been allotted.

(i) The place where session of Indian National Congress was held in December 1920. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The place where Chauri-Chaura incident happened. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The place where Mahatma Gandhi broke the salt law. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The place where the session of Indian National Congress was held in 1927. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The place where the session of Indian National Congress was held in 1929. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for visually impaired examinees in lieu of Map work)**

**Instruction:** Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.

(i) Where was the session of Indian National Congress held in December 1920 ? **1**

(ii) Where did the Chauri-Chaura incident take place ? **1**

(iii) Where did Mahatma Gandhi break the salt law ? **1**

(iv) Where was the session of Indian National Congress held in 1927 ? **1**

(v) Where was the session of Indian National Congress held in 1929 ? **1**

## PART - B
## (Multiple Choice Type Questions)

**Instruction:** Choose the correct answer from the following options and write in your answer book:

15. Which soil is suitable for tea cultivation ? **1**

    (a) Red soil
    (b) Alluvial soil
    (c) Mountain soil
    (d) Laterite soil

16. In which of following states is step farming done ? **1**

    (a) Punjab
    (b) Haryana
    (c) Uttar Pradesh
    (d) Uttarakhand

17. The headquarters of Western Railway is situated in **1**

    (a) Delhi
    (b) Kolkata
    (c) Mumbai
    (d) Amritsar

18. Which among the following is a developed country ? **1**

    (a) Brazil
    (b) India
    (c) France
    (d) Bangladesh

19. Main source of livelihood in India is **1**

(a) Industry

(b) Agriculture

(c) Trade

(d) None of these

20. When was Reserve Bank of India established ? **1**

(a) 1935

(b) 1945

(c) 1955

(d) 1965

**(Very Short Answer Type Questions)**

21. What is Gross Domestic Product ? **2**

22. Write any two functions of Reserve Bank of India. **2**

23. Name any two non-metallic minerals. **1+1**

### (Short Answer Type Questions)

24. Name a beverage crop and throw light on its production. **1+2**

*OR*

Discuss any three contributions of industries in the economic development of India. **1+1+1**

25. Classify Indian soils in detail. **3**

*OR*

Write a short note on National Rural Employment Guarantee Act (2005). **3**

### (Long Answer Type Questions)

26. Analyse in short the impact of Globalisation on Indian agriculture. **6**

*OR*

Write an essay on the main crops found in India. **6**

27. What do you understand by unorganised sector ? Write any three problems of it. **3+3**

*OR*

What is the difference between national income and per capita income ? Discuss. **6**

### (Map Work)

**28.** Show the following on the given map of India :

(i) Aravali mountain by $\times\times$ sign with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) River Tapti by $\mathcal{Y}$ sign with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) One centre of cement industry by $\odot$ sign with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) One region of mica production by $\triangle$ sign with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) Bengaluru by $\Box$ sign with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for vision-impaired examinees in lieu of map work)**

**Instruction:** Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.

(i) Name a centre of Paper Industry. **1**

(ii) Name the capital of Punjab. **1**

(iii) In which sea does river Mahanadi fall ? **1**

(iv) Name a centre of Iron and Steel Industry. **1**